कक्षा 9
क्षितिज भाग 1
पाठ 1 दो बैलों की कथा
लेखक -प्रेमचंद

कार्य पत्रिका १

गद्यांश संबंधी प्रश्न उत्तर
झूरी प्रातःकाल सो कर उठा,तो देखा कि दोनों बैल चरणी पर खड़े हैं ।दोनों की गरदनों में आधा-आधा गरांव लटक रहा है ।घुटने तक पांव कीचड़ से भरे हैं और दोनों की आंखों में विद्रोहमय स्नेह झलक रहा है। झूरी बैलों को देखकर स्नेह से गदगद हो गया दौड़ कर उन्हें गले लगा लिया। प्रेम आलिंगन और चुंबन का वह दृश्य बड़ा ही मनोहर था
प्रश्न 1 प्रातकाल होने पर झूरी ने क्या देखा
प्रश्न 2 दोनों बहनों की दशा कैसी थी?
प्रश्न 3 इस गद्यांश में जुड़ी के प्रति दोनों बैलों का किस प्रकार का भाव प्रकट होता है?
प्रश्न 4 "आंखों में विद्रोहमय स्नेह झलक रहा है" आशय स्पष्ट कीजिए।
प्रश्न 5 प्रस्तुत गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।

संक्षिप्त प्रश्न उत्तर
प्रश्न 1 लड़की ने बैलों को क्यों भगा दिया?
प्रश्न 2 एकता में शक्ति है इसका उदाहरण अपनी पाठ्य पुस्तक के पाठ दो बैलों की कथा के आधार पर स्पष्ट कीजिए?
प्रश्न 3 कांजी हाउस क्या होता है?
प्रश्न 4चार हीरा और मोती में गहरी मित्रता थी इसका कोई एक उदाहरण लिखिए।
प्रश्न 5 दढियल ने बैलों की नीलामी क्यों लगाई?
प्रश्न 6 दढियल का शब्द चित्र बनाइए।
प्रश्न 7 कांजी हाउस में जानवरों का जीवन किसने और कैसे बचाया?
प्रश्न 8 प्रेमचंद ने बैलों को गधे से नीचे स्थान क्यों दिया है?
प्रश्न 9 गया के घर हीरा और मोती ने स्वयं को अपमानित क्यों महसूस किया?
प्रश्न 10 "लेकिन औरत जात पर सींग चलाना मना है यह भूल जाते हो "।हीरा के इस कथन के माध्यम से स्त्री के प्रति प्रेमचंद की दृष्टि को स्पष्ट कीजिए।

अति लघु प्रश्न उत्तर
प्रश्न१-अफ्रीका में भारतीयों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता था
प्रश्न २- ऋषि मुनियों में जितने भी गुण हैं वह सब किस में पाए जाते हैं
प्रश्न -३- बछिया के ताऊ का प्रयोग किसके लिए किया गया है
प्रश्न ४-बैलों के मालिक का क्या नाम है
प्रश्न ५-दोनों बैलों के क्या नाम थे
प्रश्न ६- गया कौन था
प्रश्न ७-हीरा और मोती किस विचारधारा के थे
प्रश्न ८-गया ने किस की नाक पर डंडे मारे
प्रश्न ९-छोटी लड़की किसकी लड़की थी
प्रश्न १०-छोटी लड़की कितनी रोटी बहनों के लिए लाती थी
प्रश्न ११- बैलों को खोलने के बाद छोटी लड़की ने क्या कहा
प्रश्न १२ -मटर के खेत की मेड पर कौन खड़ा था?
प्रश्न १३- मटर खाने के लिए खेत में कौन गया?
प्रश्न १४- कांजी हौस में कौन-कौन से जानवर थे?
प्रश्न 15 अड़ियल का क्या अर्थ है?

गतिविधि 1
आजादी की लड़ाई में भाग लेने वाले किन्हीं दो स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र चिपकाकर उनके बारे में पांच पांच पंक्तियां लिखिए।

गतिविधि दो
स्वतंत्रता का महत्व पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।